Ministry of Labour

# रोज़गार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000) के तहत आपके अधिकार

**अस्वीकरण:** कर्मचारियों और नियोक्ताओं को रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act, 2000) (ESA) और विनियमों के तहत स्थापित न्यूनतम अधिकार और दायित्वों को समझने में सहायता के लिए यह साधन तैयार किया गया है। यह क़ानूनी सलाह नहीं है। इसका अभिप्राय ESA या विनियमों को बदलना नहीं है और हमेशा क़ानून के आधिकारिक संस्करण का संदर्भ लिया जाना चाहिए। यद्यपि हम यह सुनिश्चित करने का प्रयास करते हैं कि इस साधन में मौजूद जानकारी यथासंभव वर्तमान और सटीक हो, पर कभी कभी त्रुटियाँ होती हैं। ESA केवल न्यूनतम मानक उपलब्ध कराता है। कुछ कर्मचारियों के पास रोजगार अनुबंध, सामूहिक समझौता, सामान्य क़ानून या अन्य विधान के तहत अधिक अधिकार हो सकते हैं। नियोक्ता और कर्मचारी क़ानूनी सलाह प्राप्त करने के लिए प्रार्थना कर सकते हैं।

यह सूचना पत्रक रोजगार मानक अधिनियम, 2000 (Employment Standards Act), 2000 (ESA) के तहत ओंटारियो में नियोजित विदेशी नागरिक के रूप में आपके अधिकारों का सारांश प्रदान करता है। ESA एक क़ानून है जो अधिकांश ओंटारियो के अधिकाश कार्यस्थलों में न्यूनतम मज़दूरी और कार्य-समय की सीमाएँ जैसे न्यूनतम मानक निर्धारित करता है। कुछ कर्मचारियों पर विशेष नियम और छूट लागू होते हैं। अधिक जानकारी के लिए, Ontario.ca/ESAguide पर जाएँ।

आपके नियोक्ता से यह भी अपेक्षा की जाती है कि आपके कर्मचारी बनने के 30 दिनों के अंदर रोजगार मानक के पोस्टर (Employment Standards Poster) की एक प्रति आपको प्रदान करें। आप अनूदित संस्करण का अनुरोध कर सकते हैं और यदि श्रम मंत्रालय के पास उपलब्ध हो, तो आपके नियोक्ता द्वारा अंग्रेज़ी की प्रति के अलावा उसे भी प्रदान किया जाना चाहिए। पोस्टर Ontario.ca/ESAposter पर उपलब्ध हैं।

## कार्यस्थल पर मेरे रोजगार संबंधी मानक अधिकार क्या हैं?

### मज़दूरी का नियमित भुगतान और मज़दूरी संबंधी विवरणियाँ

आपको नियमित वेतन दिन पर भुगतान किया जाना चाहिए और मज़दूरी संबंधी विवरणी प्राप्त होनी चाहिए।

## कार्य-समय की सीमाएँ और खाने की अवधि

आम तौर पर, आपको प्रति दिन 8 घंटे से अधिक या अपने नियमित दैनिक कार्य-समय (यदि 8 घंटे से अधिक हो) और सप्ताह में 48 घंटे से अधिक काम करने की आवश्यकता नहीं है। अधिकांश कर्मचारी प्रत्येक दिन न्यूनतम 11 घंटे लगातार काम करते हैं और प्रत्येक सप्ताह लगातार 24 घंटे की छुट्टी होती है या हर 2-सप्ताह की अवधि में लगातार 48 घंटे अवकाश पाते हैं। आप अधिक घंटे काम कर सकते हैं बशर्ते कि आप लिखित रूप में ऐसा करने के लिए सहमति जताते हैं, जिसमें इलेक्ट्रॉनिक रूप से और कुछ अन्य शर्तों की पूर्ति भी शामिल है। आप 30-मिनट खाने की अवधि के बिना लगातार 5 घंटे से अधिक काम नहीं कर सकते हैं।

## ओवरटाइम वेतन

अधिकांश नौकरियों में, ओवरटाइम सप्ताह में 44 घंटे कार्य करने के बाद देय होता है। ओवरटाइम दर आपके नियमित वेतन दर से कम से कम 1½ गुणा होना चाहिए। आप Ontario.ca/hoursofwork पर ओवरटाइम, कार्य-समय की सीमाएँ और खाने की अवधि के बारे में अधिक जानकारी पा सकते हैं।

## न्यूनतम मज़दूरी

अधिकांश कर्मचारी कम से कम न्यूनतम मज़दूरी का भुगतान पाने के हक़दार हैं। आप सबसे वर्तमान दर Ontario.ca/minimumwage पर पा सकते हैं।

## सवेतन अवकाश

पाँच वर्ष से कम रोज़गार वाले अधिकांश कर्मचारी हर 12 महीनों के बाद कम से कम दो सप्ताह का अवकाश समय अर्जित करते हैं और उन्हें उनके द्वारा अर्जित कुल मज़दूरी का कम से कम चार प्रतिशत अवकाश वेतन के रूप में भुगतान किया जाना चाहिए। पाँच या अधिक वर्षों से नियोजित अधिकांश कर्मचारी हर 12 महीनों के बाद कम से कम तीन सप्ताह का अवकाश समय अर्जित करते हैं और उन्हें उनके द्वारा अर्जित कुल मज़दूरी का कम से कम छह प्रतिशत अवकाश वेतन के रूप में भुगतान किया जाना चाहिए।

## सार्वजनिक अवकाश और सार्वजनिक अवकाश वेतन

ओंटारियो में हर वर्ष नौ सार्वजनिक अवकाश होते हैं। अधिकांश कर्मचारी इन दिनों काम से छुट्टी लेने और सार्वजनिक अवकाश वेतन का भुगतान पाने के लिए पात्र होते हैं। सार्वजनिक अवकाश के बारे में अधिक जानकारी के लिए Ontario.ca/publicholidays पर जाएँ।

## अनुपस्थिति अवकाश

असंख्य नौकरी-संरक्षित अनुपस्थिति अवकाश मौजूद हैं जिनमें गर्भावस्था, माता-पिता, परिवार देखभालकर्ता, बीमारी, पारिवारिक जिम्मेदारी, और प्रियजन की मृत्यु के कारण अवकाश शामिल हैं। पात्र कर्मचारियों को, चाहे आप पूर्णकालिक, अंशकालिक, या अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारी हों, नौकरी-संरक्षित अनुपस्थिति अवकाश के हक़दार हैं। अनुपस्थिति अवकाश के बारे में अधिक जानकारी के लिए Ontario.ca/ESAguide पर जाएँ।

## समाप्ति सूचना और/या सूचना के बदले वेतन (यदि न्यूनतम तीन महीनों के लिए नियोजित हों)

यदि आपको कम से कम तीन महीने तक नियुक्त किया गया है, तो आपका नियोक्ता यदि आपके रोजगार संबंध को खत्म (समाप्त) करता है तो आपको सामान्य रूप से समाप्ति का नोटिस प्राप्त करने का अधिकार है। जब आप काम कर रहे हों, तो आप नोटिस प्राप्त कर सकते हैं, कार्य नोटिस के बजाय भुगतान, या दोनों का संयोजन प्राप्त कर सकते हैं। आम तौर पर, आपको मिलने वाला न्यूनतम नोटिस एक हफ़्ते से (यदि आप कम से कम तीन महीने तक, लेकिन एक वर्ष से कम समय तक नियोजित रहे हों) लेकरआठ सप्ताह तक (यदि आप आठ वर्ष या उससे अधिक समय से नियोजित हों) मिलना चाहिए। यह जानने के लिए कि क्या आप बर्खास्तगी नोटिस या वेतन पाने के हक़दार हैं, Ontario.ca/ESAtools पर उपलब्ध समाप्ति उपकरण (Termination Tool) का प्रयोग करें।

## कार्यभार समाप्ति सूचना/या सूचना के बजाय वेतन (अस्थाई सहायता एजेंसी के कार्यभार कर्मचारियों पर लागू)

कार्यभार समाप्ति रोजगार की समाप्ति से अलग है, और यह तब होता है जब किसी कार्यभार कर्मचारी का क्लाइंट के साथ अपना असाइनमेंट समाप्त हो जाता है, लेकिन वह अस्थाई सहायक एजेंसी के पास नियोजित बना रहता है।

सामान्यतः, अस्थाई सहायक एजेंसी से अपेक्षा की जाती है कि व असाइनमेंट कर्मचारी को **या तो एक सप्ताह का असाइनमेंट समापन का लिखित नोटिस दें, या असाइनमेंट समापन वेतन दें या दोनों का संयोजन हो, यदि:**

1. असाइनमेंट कर्मचारी को क्लायंट हेतु कार्य करने के लिए निर्दिष्ट किया गया हो;
2. कर्मचारी को जब असाइनमेंट की पेशकश की गई थी तब असाइनमेंट की अनुमानित अवधि तीन महीने या अधिक थी; और
3. असाइनमेंट को उसकी निर्दिष्ट अवधि से पहले समाप्त किया गया है।

असाइनमेंट के समापन पर अतिरिक्त जानकारी के लिए, कृपया Ontario.ca/ESAguide पर उपलब्ध आपकी रोज़गार मानक अधिनियम, 2000 (Your Guide to the Employment Standards Act), 2000 गाइड में "अस्थाई सहायक एजेंसियाँ अध्याय (Temporary Help Agencies)" देखें।

## आपको अपने ESA अधिकारों के बारे में पूछने या उनका प्रयोग करने के लिए दंडित नहीं किया जा सकता है

यदि आप ESA के तहत अपने अधिकारों के बारे में पूछते हैं या आपको अपना अधिकार दिए जाने की माँग करते हैं, तो आपके नियोक्ता किसी भी प्रकार से आपको दंडित नहीं कर सकता है, जिसमें आपके रोज़गार संबंध को ख़त्म करना भी शामिल है। आपको अपने ESA अधिकारों के बारे में पूछने के लिए आपके नियोक्ता द्वारा दंडित नहीं किए जाने का भी अधिकार है।

## यदि आप विदेशी नागरिकों के लिए रोजगार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act, 2009) के तहत आवृत विदेशी नागरिक हैं

विदेशी नागरिकों के लिए रोज़गार संरक्षण अधिनियम, 2009 (Employment Protection for Foreign Nationals Act), 2009 (EPFNA) के तहत आवृत विदेशी नागरिक इस दस्तावेज़ के साथ EPFNA के तहत अपने अधिकारों के बारे में सूचना पत्रक प्राप्त करने के लिए पात्र हैं। यदि आपकी भाषा अंग्रेज़ी नहीं है, तो आपके नियोक्ता या भर्ती करने वाले व्यक्ति को पता लगाना चाहिए कि आपकी प्रथम भाषा में सूचना पत्रक उपलब्ध है या नहीं, और यदि वह उपलब्ध है, तो आपको अनूदित संस्करण भी उपलब्ध कराना चाहिए। अधिक जानकारी के लिए Ontario.ca/EPFNA पर जाएँ।

## यदि आप कोई प्रश्न पूछना चाहते हैं या दावा दायर करना चाहते हैं

अधिक जानकारी के लिए, कृपया Ontario.ca/employmentstandards पर जाएँ या रोजगार मानक सूचना केंद्र (Employment Standards Information Centre) को (416) 326-7160 (टोल फ़्री नंबर 1-800-531-5551) पर, या बहरों के लिए TTY 1-866-567-8893 पर कॉल करें। जानकारी कई भाषाओं में उपलब्ध है।

यदि आपको लगता है कि आपने ESA के तहत अपने अधिकार प्राप्त नहीं किए हैं और दावा दर्ज करना चाहते है, तो आप Ontario.ca/Ontario.ca/ESAforms पर ऑनलाइन रोज़गार मानक दावा फ़ॉर्म (Standards Claim Form) तक पहुँच सकते हैं। **कृपया ध्यान दें कि ESA और EPFNA के तहत दावा दायर करने के लिए अलग फ़ॉर्म इस्तेमाल किए जाते हैं।**